प्रमुख प्राथमिक देखभाल केंद्र (प्रायोरिटी प्राइमरी केयर सेंटर्स)

आधिकारिक

- क्या आपको तत्काल डॉक्टर को दिखाने की आवश्यकता है?
- प्रायोरिटी प्राइमरी केयर सेंटर्स (पीपीसीसी) उस व्यक्ति का नि:शुल्क इलाज करते हैं जिन्हें गंभीर चोट लगी हो या किसी बीमारी से ग्रस्त हों।
- पीपीसीसी के डॉक्टर अस्पताल के एमर्जेंसी डिपॉर्टमेंट की तुलना में आपको अधिक शीघ्र इलाज देने में आपकी मदद करेंगे।
- वे हल्के संक्रमण, मामूली जलन, मोच या हड्डी टूटने की आशंका होने जैसी स्थितियों का इलाज कर सकते हैं।
- यदि आपको गंभीर चोट लगी है या गंभीर बीमारी है, तो ट्रिपल ज़ीरो (000) पर कॉल करें।
- यदि आपको तत्काल देखभाल की ज़रूरत नहीं है, तो अपने नियमित डॉक्टर के साथ अपॉइंटमेंट बुक करें।
- पीपीसीसी सेवाओं में पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी और फार्मेसी शामिल हैं।
- पीपीसीसी सेवाएँ हर किसी के लिए नि:शुल्क हैं, चाहे आपके पास मेडिकेयर कार्ड है या नहीं।
- पीपीसीसी सेंटर सप्ताह में सातों दिन अधिक घंटों तक खुले होते हैं।
- आपको अपॉइंटमेंट की ज़रूरत नहीं है।
- पूरे विक्टोरिया में पीपीसीसी सेंटर खुल रहे हैं।
- स्थानों तथा और अधिक जानकारी के लिए Better Health Channel देखें: www.betterhealth.vic.gov.au/health/servicesandsupport/priority-primary-care-centres
- पीपीसीसी सेंटरों में दुभाषिए उपलब्ध हैं। अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा (Translating and Interpreting Service) TIS National को 131 450 पर कॉल करें।

VICTORIA State Government | Department of Health